**समाचार**

# महाराणा प्रताप चौक से घंटाघर सड़क पर सुगम हुआ आवागमन

## (नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा पेंच रिपेयर व डामरीकरण कर सड़क का किया गया जीर्णोद्धार )



कोरबा 09 जनवरी 2026 – नगर पालिक निगम कोरबा क्षेत्रांतर्गत बुधवारी बाजार स्थित महाराणा प्रताप चौक से घंटाघर तक जीर्ण हुई सड़क का पेंच रिपेयर व डामरीकरण का कार्य कर निगम द्वारा सड़क का जीर्णोद्धार किया गया है, परिणाम स्वरूप उक्त सड़क मार्ग पर वर्षा ऋतु के दौरान हुए गड्ढे व उखड़ चुकी सड़क अब पुनः दुरूस्त हो चुकी है तथा मार्ग पर आवागमन सुगम हो गया है।

नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा बुधवारी बाजार महाराणा प्रताप चौक से घंटाघर तक की सड़क की मरम्मत व डामरीकरण का कार्य पूरा कर लिया गया है, यहॉं उल्लेखनीय है कि बारिश के दौरान महाराणा प्रताप चौक से घंटाघर की ओर जाने वाली मुख्य सड़क उखड़ गई थी व सड़क पर गड्ढे हो गए थे, जिसके कारण वाहन चालकों व आमनागरिकों को आवागमन में असुविधा हो रही थी। महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत के मार्गदर्शन एवं आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय के दिशा निर्देशन में उक्त सड़क का डामरीकरण, पेंच रिपेयर व जीर्णोद्धार का कार्य निगम द्वारा कराया गया है, अब शहर की उक्त महत्वपूर्ण सड़क पुनः दुरूस्त हो गई है तथा सड़क में आवागमन सुगम हो गया है। इसी प्रकार शहर की अन्य सड़कों के जीर्णोद्धार, पेंच रिपेयर व डामरीकरण आदि के कार्य निगम द्वारा क्रमशः कराए जाएंगे।